Seat No. : ______________

MA-215

May-2025

M.A, Sem.-II

407 : Hindi

(काव्यशास्त्र–समीक्षा संबंधी विविध वाद)

Time : 2:30 Hours] **[Max. Marks : 70**

सूचना : सभी प्रश्नों के अंक समान हैं । प्रश्नपत्र का सही क्रम ही उत्तरवही में लिखें ।

1. "स्वच्छंदतावाद केवल एक साहित्यिक प्रवृत्ति नहीं, बल्कि आत्मा की मुक्ति का उद्‌घोष है ।" इस कथन के आलोक में स्वच्छंदतावाद के इतिहास की विवेचना कीजिए । **14**

अथवा

1. हिन्दी साहित्य के विकास क्रम में स्वच्छंदतावाद के प्रभाव को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । **14**

2. अस्तित्ववाद की प्रमुख विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए ।. **14**

अथवा

2. अस्तित्ववाद के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए अस्तित्ववाद के दार्शनिक आधारों की चर्चा कीजिए । **14**

3. "साहित्य का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, अपितु जीवन की जटिलताओं का यथार्थ चित्रण और सामाजिक चेतना का संवर्धन है ।" इस कथन के आलोक में हिन्दी साहित्य में यथार्थवादी चिंतन की परंपरा को रेखांकित कीजिए । **14**

अथवा

3. यथार्थवादी कला आंदोलन के विकास के प्रमुख आयामों की समीक्षा कीजिए । **14**

4. "उत्तर आधुनिकता हमें यह सिखाती है कि 'सत्य' और 'अर्थ' स्थायी नहीं, बल्कि समय, स्थान और संदर्भ के अनुसार बदलते हैं ।" उपरोक्त कथन के आलोक में हिन्दी साहित्य पर उत्तर आधुनिक विमर्श के प्रभाव का विश्लेषण कीजिए । **14**

अथवा

4. विखंडनवाद को एक सिद्धांत के रूप में प्रस्तुत करते हुए स्पष्ट कीजिए कि यह भाषायी रणनीतियों के माध्यम से अर्थों की स्थिरता को कैसे चुनौती देता है ? **14**

5. योग्य विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए । (किन्हीं **सात**) **14**

   (1) यथार्थवाद का मुख्य उद्देश्य क्या होता है ?

   (A) कल्पनाओं को बढ़ावा देना (B) जीवन की वास्तविकता को चित्रित करना

   (C) नैतिक शिक्षा देना (D) मनोरंजन करना

(2) स्वच्छंदतावादी रचनाओं में किस तत्त्व पर अधिक ज़ोर दिया जाता है ?
(A) तर्क और यथार्थ (B) विज्ञान और तकनीक
(C) भावना, कल्पना और प्रकृति (D) ऐतिहासिक घटनाएँ

(3) 'विखंडनवाद' का प्रवर्तक __________ है ।
(A) देरिदा (B) रोलां बार्थ
(C) फूको (D) फ्रेडरिक जेम्सन

(4) अस्तित्ववाद के अनुसार, मनुष्य का मुख्य संघर्ष किससे होता है ?
(A) प्रकृति से (B) समाज से
(C) भगवान की इच्छा से (D) अस्तित्व के अर्थ की खोज से

(5) यथार्थवाद का विरोध किस वाद से माना जाता है ?
(A) आदर्शवाद (B) प्रकृतिवाद
(C) तर्कवाद (D) व्यवहारवाद

(6) स्वच्छंदतावाद का मुख्य उद्देश्य क्या था ?
(A) समाजवाद का प्रचार
(B) धार्मिक कठोरता
(C) व्यक्ति की भावनाओं और कल्पनाओं को महत्त्व देना
(D) शास्त्रीय नियमों का पालन करना ।

(7) निम्नलिखित में से कौन अस्तित्ववादी दर्शन के प्रवर्तक माने जाते हैं ?
(A) प्लेटो (B) सार्त्र
(C) सुकरात (D) अरस्तू

(8) विखंडन का मुख्य उद्देश्य क्या होता है ?
(A) पाठ की व्याख्या को एक रूप देना । (B) भाषाई संरचनाओं को संरक्षित करना ।
(C) लेखक के इरादे को समझना । (D) पाठ में छिपे अर्थों को उजागर करना ।

(9) अस्तित्ववाद के अनुसार मानव जीवन का अर्थ कहाँ से उत्पन्न होता है ?
(A) ईश्वर से (B) समाज से
(C) परंपराओं से (D) स्वयं व्यक्ति के निर्णयों से

(10) उत्तर आधुनिक साहित्य में कौन सी प्रवृत्ति प्रमुख रूप से दिखाई देती है ?
(A) विखंडनवाद (B) आदर्शवाद
(C) यथार्थवाद (D) रोमांटिकता

(11) निम्न में से कौन सा कवि स्वच्छंदतावादी साहित्य से संबंधित है ?
(A) मीर तकी मीर (B) कालिदास
(C) विलियम वर्ड्सवर्थ (D) प्रेमचंद

(12) निम्न में से किस उपन्यास को यथार्थवादी कृति माना जाता है ?
(A) चंद्रकांता (B) गोदान
(C) गीतांजलि (D) कामायनी